# दक्षता आधारित कार्य-पत्रक

विषय: हिन्दी                                        कक्षा : सप्तमी

| | | | |
|---|---|---|---|
| **पाठ/प्रकरण का नाम :** | हिमालय की बेटियाँ | **समयावधि :** | 40 मिनट |
| **विद्यार्थी का नाम :** | ------------------------------------ | **पूर्णांक :** | |
| **अनुक्रमांक (रोल नं.) :** | .............. | **दिनांक :** | ....../....../ ..... |

**निर्देश:- 1. सभी प्रश्न अनिवार्य है| 2. कार्य-पत्रक में दिए गए स्थान पर ही उत्तर लिखें|**
**3. लेखन कार्य की स्पष्टता एवं शुद्धता का विशेष ध्यान रखें|**

**(बहुविकल्पीय प्रश्न)**

प्र. **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए**

परन्तु इस बार जब मै हिमालय के कंधे पर चढ़ा तो वे कुछ और रूप में सामने थी | मै हैरान था कि यही दुबली पतली गंगा, यही यमुना ,यही सतलुज समतल मैदानों में उतरकर विशाल कैसे हो जाती है ! इनका उछलना और कूदना, खिलखिलाकर हँसते जाना, इनकी यह भाव भंगी, इनका यह उल्लास कहाँ गायब हो जाता है मैदान में जाकर ? किसी लड़की को जब मै देखता हूँ, किसी कली पर जब मेरा ध्यान अटक जाता है, तब भी इतना कौतूहल और विस्मय नहीं होता, जितना कि इन बेटियों की बाल लीला देखकर !

1 **निम्नलिखित मे से कौनसा विकल्प पाठ और लेखक की दृष्टि से सही है -** 1

(क) मिठाई वाला - नागार्जुन
(ख) हिमालय की बेटियाँ - भवानी प्रसाद मिश्र
(ग) हिमालय की बेटियाँ - नागार्जुन
(घ) मिठाई वाला - भवानी प्रसाद मिश्र

2. **गंगा और यमुना नदियां क्रमशः किस पर्वत से निकलती हैं -** 1

(क)हिमालय और विंध्याचल से
(ख)विंध्याचल और हिमालय से
(ग)अरावली और सतपुड़ा से
(घ)दोनों केवल हिमालय से

3. **प्रस्तुत गद्यांश में लेखक ने किन किन नदियों के विषय में लिखा है -** 1

(क) गंगा और यमुना
(ख) गंगा, यमुना और सतलुज
(ग) सतलुज और यमुना
(घ) गंगा और सतलुज

**4. निम्नलिखित कथन कारण को ध्यानपूर्वक पढिए और उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए -** 1

*कथन (A) लेखक ने नदियों को बेटियाँ कहा है |*

*कारण (R) क्योंकि नदियां पर्वतों से निकलती हैं |*

(क) कथन (A) सही है तथा कारण (R) गलत है |

(ख) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है |

(ग) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है |

(घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही है तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है|

**5. लेखक ने नदियों का हिमालय से सम्बन्ध माना है -** 1

(क) माता और पुत्री का

(ख) पिता और पुत्री का

(ग) भाई और बहन का

(घ) पति और पत्नी का

**(भाषा की बात आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न)**

**6. निम्नलिखित में से द्‌वन्द्‌व समास का उदाहरण नहीं है -** 1

(क) रात -दिन

(ख) भू-वैज्ञानिक

(ग) राजा-रानी

(घ) अच्छा -बुरा

**7. निम्नलिखित कौनसा विकल्प विशेषण और विशेष्य की दृष्टि से सही है -** 1

| **विशेषण** | **विशेष्य** |
|---|---|
| (1) ऊँची | (i) मन |
| (2) पुलकित | (ii) जल |
| (3) बुद्‌धिमान | (iii) पर्वत श्रंखला |
| (4) शुद्‌ध | (iv) छात्र |

(क) 1 -(iii), 2- (i), 3-(iv), 4-(ii)

(ख) 1 -(iii), 2- (iv), 3-(i), 4-(ii)

(ग ) 1 -(iv), 2- (i), 3-(ii), 4-(iii)

(घ)1 -(i), 2- (iii), 3-(ii), 4-(iv)

**8. निम्नलिखित में से तत्सम और तद्‌भव का सही युग्म नहीं है-** 1

(क) अजयमेरु -अजमेर (ख) शतद्रुम -सतलुज

(ग) विपासा -वितस्ता (घ) वाराणसी - बनारस

**(वर्णनात्मक प्रश्न)**

**9.** **काका कालेलकर ने नदियों को लोकमाता क्यों कहा है ? तर्क सहित उत्तर दीजिए |** 2

उत्तर:- ----------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------

**10.** लेखक नदियों को बहन, बेटी और प्रेयसी के रूप में क्यों देखना चाहते हैं ? विचार करके लिखिए | 2

उत्तर:- ----------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------

**11.** **आप नदियों को किस रूप में देखना चाहते हैं - माता, बहन अथवा प्रेयसी ? तर्क सहित उत्तर दीजिए |** 2

उत्तर:- ----------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------

**12.** **जब आप किसी नदी के तट पर जाते है तो आपके मन में क्या भाव आते है ?** 2

उत्तर:- ----------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------

**(रचनात्मक/सृजनात्मक प्रश्न)**

**13.** नदियों का भारतीय संस्कृति में क्या महत्व है ? 4

उत्तर:- ----------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------

egyanarchive

## उत्तरमाला

| प्रश्न | दक्षता/उद्देश्य | उत्तर | |
|---|---|---|---|
| | | **(बहुविकल्पीय प्रश्न)** | |
| **1.** | विश्लेषण | उत्तरः- (ग ) हिमालय की बेटियाँ - नागार्जुन | 1 |
| **2.** | विश्लेषण | उत्तरः- (घ) दोनों केवल हिमालय से | 1 |
| **3.** | विश्लेषण | उत्तरः- (ख ) गंगा, यमुना और सतलुज | 1 |
| **4.** | विश्लेषण | उत्तरः- (घ) कथन (A) और कारण(R) दोनों सही है तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है \| | 1 |
| **5.** | समझ | उत्तर- (ख) पिता और पुत्री का | 1 |
| | | (भाषा की बात आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न) | |
| **6.** | अनुप्रयोग | उत्तरः- (ख)भू-वैज्ञानिक | 1 |
| **7.** | विश्लेषण | उत्तरः- (क) 1 -(iii), 2- (i), 3-(iv), 4-(ii) | 1 |
| **8.** | स्मरण | उत्तरः- ( ग ) विपासा -वितस्ता | 1 |
| | | **(वर्णनात्मक प्रश्न)** | |
| **9.** | अनुप्रयोग | उत्तरः- जल ही जीवन है। ये नदियाँ हमें जल प्रदान कर जीवनदान देती हैं। ये नदियाँ लोगों के लिए कल्याणी एवं माता के समान पवित्र हैं। इन नदियों के किनारे ही लोगों ने अपनी पहली बस्ती बसाई और खेती बाड़ी करना शुरू किया। यही कारण है कि काका कालेलकर ने उन्हें लोकमाता कहा है। | 2 |
| **10.** | अनुप्रयोग | उत्तरः- लेखक नदियों को केवल माता के रूप में ही नहीं अपितु बहन, बेटी और प्रेयसी के रूप में भी देखना चाहते हैं \| उनका मानना है कि नदियां प्रेम और शांति का संदेश भी देती है \| नदियों के किनारे जाने पर हमारा मन पुलकित हो जाता है \| | 2 |
| **11.** | अनुप्रयोग | उत्तरः- मैं नदियों को बहन के रूप में देखना चाहता हूँ क्योंकि वे बहन के समान हमें प्यार देतीं है \| नदियाँ गाँवों और शहरों की गंदगी भी अपने साथ बहाकर भी ले जाती रही हैं। इनका जल भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ाने में विशेष भूमिका निभाता है। है। मनुष्य के लिए ही नहीं, बल्कि पशु-पक्षी, पेड़-पौधों आदि के लिए बहुत जरूरी है।<br>छात्र अन्य तर्क एवं मौलिक विचार भी प्रस्तुत कर सकते हैं \| | 2 |
| **12.** | अनुप्रयोग | उत्तरः- नदियों के पास जाने पर हम शांति और प्रेम का अनुभव करते है \| नदियों के जल में हाथ मुंह धोने पर हमारा शरीर ही नहीं मन और आत्मा भी तृप्त हो जाती है \| हमें लगता है की नदियां प्रेम, शांति और ममता की प्रतिमूर्ति हैं | 2 |
| | | **(रचनात्मक/सृजनात्मक प्रश्न)** | |
| **13.** | सृजनात्मकता | उत्तरः- हमारी सभ्यताओं का विकास नदियों के किनारे हुआ है। हमारी संस्कृति नदियों के किनारे पर फलीफूली है।- इसलिए नदियों का मानव सभ्यता के विकास में अमित प्रभाव है। प्राचीन सभ्यता और संस्कृति का विकास नदियों के किनारे ही हुआ है \| इसके बिना सभ्यता और संस्कृति की कल्पना नहीं की जा सकती। हमारी संस्कृति में नदियों को सम्मान से पूजा जाता है \| उन्हे माता और देवी के रूप में माना गया है\| | 4 |